**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 4144**
**20 दिसंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**मध्य प्रदेश में अस्पतालों का उन्नयन और विनिर्माण**

**4144. श्री आलोक शर्मा:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मध्य प्रदेश में पिछले तीन वर्षों के दौरान उन्नयन किए गए, नए तैयार किए गए और योजना के चरण वाले अस्पतालों की वर्षवार कुल संख्या कितनी है; और

(ख) इन परियोजनाओं के लिए किए गए बजटीय आवंटन का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) और (ख): राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचे में सुधार, स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों में पर्याप्त मानव संसाधनों की उपलब्धता, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में अल्पसेवित और हाशिए पर रह रहे समूहों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा की उपलब्धता और पहुंच में सुधार के लिए सहायता प्रदान करता है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय एनएचएम के तहत कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं (पीआईपी) के रूप में प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करता है। भारत सरकार मानदंडों और उपलब्ध संसाधनों के अनुसार कार्यवाही के रिकॉर्ड (आरओपी) के रूप में प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान करती है।

भारत के स्वास्थ्य आयाम (एचडीआई) (अवसंरचना और मानव संसाधन), 2022-23 एक वार्षिक प्रकाशन है, जो राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा रिपोर्ट किए गए स्वास्थ्य परिचर्या प्रशासनिक आंकड़ों पर आधारित है। मध्य प्रदेश सहित देश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कार्यरत स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों का विवरण एचडीआई 2022-23 के निम्नलिखित लिंक पर देखा जा सकता है:

https://mohfw.gov.in/sites/default/files/Health%20Dynamics%20of%20India%20%28Infrastructure%20%26%20Human%20Resources%29%202022-23_RE%20%281%29.pdf

इसके अलावा, प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत मध्य प्रदेश राज्य को सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक स्थापित करके 04 सरकारी मेडिकल कॉलेजों के उन्नयन के लिए भी सहायता प्रदान की गई है। इसके अलावा, भोपाल में एम्स की भी स्थापना की गई है।

पिछले 3 वर्षों के दौरान मध्य प्रदेश में स्वीकृत और निर्माणाधीन स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों की संख्या निम्नानुसार है:

| योजना | सुविधा केंद्र | पूर्ण | निर्माणाधीन |
|---|---|---|---|
| एनएचएम | जिला अस्पताल | 0 | 7 |
| | उप स्वास्थ्य केंद्र(एसएचसी) | 0 | 200 |
| प्रधान मंत्री-आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) | गंभीर परिचर्या ब्लॉक्स (सीसीबी) | 1 | 54 |
| | एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाएँ (आईपीएचएल) | 18 | 37 |
| 15वां वित्त आयोग (एफसी-XV) | एसएचसी | 38 | 1769 |
| | प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) | 21 | 103 |
| | सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) | 0 | 101 |

पिछले तीन वर्षों में एनआरएचएम के अंतर्गत मध्य प्रदेश के लिए जारी धनराशि का विवरण इस प्रकार है:

| राज्य | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|---|
| मध्य प्रदेश | 2,295.66 | 2,582.10 | 2,545.68 |

नोट: उपरोक्त निधि केंद्र सरकार के अनुदान से संबंधित हैं और इसमें राज्य का हिस्सा शामिल नहीं है।

वित्त वर्ष 2021-26 की अवधि के लिए मध्य प्रदेश राज्य के लिए पीएम-एबीएचआईएम के अंतर्गत कुल 1567.91 करोड़ रुपये की राशि को मंजूरी दी गई है। वित्त वर्ष 2021-26 के लिए मध्य प्रदेश राज्य के लिए वित्त आयोग-XV के स्वास्थ्य अनुदान के अंतर्गत कुल 4498.74 करोड़ रुपये की राशि को मंजूरी दी गई है।

******